भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी)
पश्चिम रिजनल कमेटी

प्रेस विज्ञप्ति ---------------------------------------5 सितंबर 2013

प्रगतिशील वैज्ञानिक बुद्धिजीवि डॉक्टर नरेंद्र दाभोलकर की हत्या की निंदा करो!
दाभोलकर की हत्या भगवा आतंकवादियों की करतूत है!

अंध श्रद्वा निर्मूलन समिति के संस्थापक अध्यक्ष प्रगतिशील वैज्ञानिक बुद्धिजीवि की पूणे में ओंकारेश्वर ब्रिज के पास गोली मार कर हत्या कर दी गयी। श्री दाभोलकर कई सालों से महाराष्ट्र में अंध श्रध्दा निर्मूलन के लिए संघर्ष कर रहे थे। उन्होंने समय–समय पर धर्म के नाम पर जनता को बेवकूफ बनाने, चमत्कार के नाम पर जनता को भ्रमित करने वाले धार्मिक कट्टरपंथियों का विरोध किया व पर्दाफाश किया था। हिंदू धर्म के कट्टरपंथियों द्वारा फैलाये जाने वाले 'पुर्नजन्म के फल', कर्मों के फल' आदि अंधविश्वासों का पर्दाफाश कर रहे थे। वे पिछले दस साल से जादूटोना प्रतिबंध विधेयक के लिए संघर्ष कर रहे थे, यही कारण था कि हिंदू कट्टरपंथी ताकते उन्हें अपने से बड़ा खतरा मानती थी। इसलिए ऐसे तथाकथित महात्माओं ने भगवा आतंकवादियों को उकसा कर उनकी हत्या करवाई। इनकी हत्या के पीछे धर्म के नाम पर राजनीति करने वाली फासीवादी ताकतें – विश्व हिंदू परिषद, भारतीय जनता पार्टी, अभिनव भारत, बजरंगदल व शिवसेना आदि का हाथ है।

महाराष्ट्र की कांग्रेस सरकार दाभोलकर के जीते जी उस विधेयक को पास करने से बचती रही लेकिन उनकी हत्या के बाद जनता में फैलने वाले आक्रोश को दबाने के लिए उस कानून को जल्द लागू कर इस्तेमाल कर रही है।

हमारी पार्टी दाभोलकर ही हत्या करने वाले भगवा आतंकवादियों की कड़ी निंदा करती है व जनता से आव्हान करती है कि ऐसे लोगों को जन अदालत में घसीट कर सजा दे। तमाम प्रगतिशील व जनवादी बुद्धिजीवियों से अपील करती है कि दाभोलकर की हत्या के खिलाफ उठ खड़े हों व सरकार व भगवा आतंकवादियों द्वारा बुद्धिजीवियों पर किये जाने वाले हमलों का विरोध करें।

Økfrdkjh vfHkoknu d: lkFk
iioDrk

¼Jhfuokl½
if'pe jhtuy deVh & xMfpjkyh